COLLEGE OF TECHNOLOGY AND ENGINEERING
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology

UDAIPUR – 313001 (India)

Dr. S.S. Rathore
Professor & Dean

No.CTAE/Press Note/Gen/2017/…………
Dated: 15.04.2017

प्रेस विज्ञप्ति

सीटीएई के 91 छात्र–छात्राओं द्वारा ''गेट परीक्षा'' में उत्कृष्ट प्रदर्शन

उदयपुर ! 15 अप्रेल, 2017 महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय(सीटीएई), उदयपुर के अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा वर्ष 2016–2017 में आयोजित ग्रेज्युएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग परीक्षा में उत्कृष्ट प्रर्दशन किया है। महाविद्यालय के इस बार **91** छात्र–छात्रा इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है। जो इस महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस परीक्षा में पास होने वाले छात्र आईआईटी, एनआईटी आदि उच्च कोटि के संस्थानों में पी.जी. (एम.टेक.) में प्रवेश लेते है तथा इस परीक्षा में पास होने वाले छात्रो को भारत सरकार व राज्य सरकार के पब्लिक अन्डरटेकिंग उपक्रमों में विशेष वरीयता प्रदान की जाती है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस.राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2016–2017 में आयोजित ग्रेज्युएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग ''गेट'' परीक्षा में माईनिंग इंजीनियरिंग विभाग के 09, सिविल के 21, मेकेनिकल के 11, इलेक्ट्रीकल के 14, कम्प्यूटर साइंस के 05, इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी के 05, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन के 08 एवं एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के 18 छात्र–छात्राओं ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। डॉ. राठौड़ ने बताया कि आने वाले समय में अखिल भारतीय इंजीनियरिंग परीक्षा में भी महाविद्यालय के छात्र–छात्राए सफलता प्राप्त करेगें। इसके लिए विद्यार्थीयों को समय–समय पर अध्यापको द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

(डॉ. एस.एस.राठौड़)
अधिष्ठाता

श्रीमान् संपादक……………………………………